**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1433**
**13 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## एकीकृत आवास एवं मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम

**1433. श्रीमती रचना बनर्जीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में एकीकृत आवास एवं मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) में शामिल किए गए शहरों का पश्चिम बंगाल सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में अब तक प्राप्त की गई सफलता का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत कब तक कार्य पूरा किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ): भारत सरकार ने शहरी गरीबों को बुनियादी सेवाएं (बीएसयूपी) के तहत 65 चयनित शहरों में और पश्चिम बंगाल के शहरों/कस्बों सहित अन्य शहरों/कस्बों में एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचसीडीपी) के तहत स्लम निवासियों सहित शहरी गरीबों को आवास और संबंधित नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों(यूटी) को केंद्रीय सहायता प्रदान करके उनकी सहायता करने के लिए दिसंबर, 2005 में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) शुरू किया था। जेएनएनयूआरएम की अवधि मार्च 2012 तक थी। हालांकि, 31.03.2012 तक चल रही स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए, यह अवधि बढ़ा दी गई और मार्च 2017 तक निधियां जारी की गईं। जेएनएनयूआरएम के एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) घटक के तहत वास्तविक और वित्तीय प्रगति का शहर-वार विवरण अनुलग्नक में है।

******

**दिनांक 13.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1433 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) की एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) योजना के अंतर्गत शामिल शहरों की संख्या के साथ-साथ वास्तविक और वित्तीय प्रगति का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

| क्र. सं. | | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | शहरों की संख्या | आवासों का विवरण (संख्या में) | | | केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | स्वीकृत | निर्माणाधीन | पूर्ण | स्वीकृत | जारी |
| 1 | राज्य | आंध्र प्रदेश | 33 | 28,250 | 25,316 | 25,316 | 440.66 | 425.50 |
| 2 | | बिहार | 26 | 23,945 | 23,753 | 23,277 | 330.81 | 278.36 |
| 3 | | छत्तीसगढ | 17 | 15,782 | 15,782 | 15,110 | 138.93 | 158.85 |
| 4 | | गोवा | - | - | - | - | - | 0.70 |
| 5 | | गुजरात | 36 | 20,350 | 20,194 | 19,026 | 194.53 | 247.46 |
| 6 | | हरियाणा | 15 | 10,327 | 10,327 | 10,013 | 190.73 | 188.96 |
| 7 | | हिमाचल प्रदेश | 8 | 1,954 | 843 | 693 | 48.79 | 37.94 |
| 8 | | झारखंड | 10 | 7,613 | 7,496 | 7,496 | 86.66 | 86.98 |
| 9 | | कर्नाटक | 32 | 17,237 | 17,237 | 17,237 | 222.56 | 221.77 |
| 10 | | केरल | 45 | 20,384 | 19,890 | 19,669 | 140.38 | 165.17 |
| 11 | | मध्य प्रदेश | 48 | 13,635 | 13,217 | 13,217 | 160.31 | 194.52 |
| 12 | | महाराष्ट्र | 84 | 77,885 | 70,155 | 58,471 | 1,164.29 | 1,163.14 |
| 13 | | ओडिशा | 35 | 12,742 | 11,885 | 11,112 | 188.72 | 163.29 |
| 14 | | पंजाब | 4 | 2,397 | 2,397 | 2,073 | 25.90 | 89.71 |
| 15 | | राजस्थान | 57 | 36,250 | 34,901 | 34,082 | 492.40 | 535.50 |
| 16 | | तमिलनाडु | 93 | 37,715 | 37,362 | 37,259 | 400.38 | 398.77 |
| 17 | | तेलंगाना | 22 | 11,288 | 11,288 | 9,651 | 227.85 | 232.18 |
| 18 | | उत्तर प्रदेश | 134 | 37,818 | 37,818 | 36,903 | 624.41 | 718.18 |
| 19 | | उत्तराखंड | 18 | 3,262 | 2,965 | 2,717 | 60.88 | 73.09 |
| 20 | | पश्चिम बंगाल | 81 | 49,435 | 49,435 | 49,435 | 663.06 | 703.23 |
| **उप-योग (राज्य):-** | | | **798** | **4,28,269** | **4,12,261** | **3,92,757** | **5,802.25** | **6,083.31** |
| 21 | उत्तर पूर्वी राज्य | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 176 | 176 | 176 | 8.96 | 8.96 |
| 22 | | असम | 16 | 4,323 | 3,914 | 3,914 | 50.11 | 48.37 |
| 23 | | मणिपुर | 6 | 2,829 | 2,829 | 2,829 | 32.35 | 32.35 |
| 24 | | मेघालय | 2 | 584 | 584 | 472 | 12.63 | 15.70 |
| 25 | | मिजोरम | 6 | 1,950 | 1,950 | 1,950 | 29.78 | 29.78 |
| 26 | | नागालैंड | 2 | 2,761 | 2,761 | 2,761 | 41.30 | 41.30 |
| 27 | | सिक्किम | 1 | 39 | 39 | 39 | 17.92 | 17.92 |
| 28 | | त्रिपुरा | 5 | 3,115 | 3,115 | 3,115 | 38.05 | 38.05 |
| **उप-योग (उत्तर पूर्वी राज्य):-** | | | **39** | **15,777** | **15,368** | **15,256** | **231.10** | **232.43** |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | - | - | - | 8.90 | 5.53 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | चंडीगढ़ | - | - | - | - | - | - |
| 31 | | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 2 | 158 | 158 | 158 | 3.85 | 3.63 |
| 32 | | दिल्ली | - | - | - | - | - | - |
| 33 | | जम्मू और कश्मीर | 36 | 7,531 | 7,329 | 6,994 | 112.75 | 109.50 |
| 34 | | लद्दाख | - | - | - | - | - | - |
| 35 | | लक्षद्वीप | - | - | - | - | - | - |
| 36 | | पुदुचेरी | 1 | 216 | 216 | 144 | 2.61 | 2.74 |
| **उप-योग (यूटी):-** | | | **40** | **7,905** | **7,703** | **7,296** | **128.10** | **121.40** |
| **कुल योग:-** | | | **877** | **4,51,951** | **4,35,332** | **4,15,309** | **6,161.45** | **6437.14*** |

*कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में, जारी की गई धनराशि संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा आवासों की संख्या में कटौती के कारण अधिक हो गई है।